<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>उपमहानिदेशक (फसल विज्ञान) द्वारा अखिल भारतीय शोध परियोजनाओं की समीक्षा बैठक</u>

पंतनगर। 20 दिसम्बर 2024। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डा. तिलक राज शर्मा द्वारा विश्वविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित विभिन्न फसलों की अखिल भारतीय शोध परियोजनाओं के परियोजना समन्वयकों के साथ परियोजना में चल रहे कार्यों, प्रगति एवं महसूस की जा रही कठिनाईयों के संदर्भ में एक बैठक की गयी। प्रारम्भ में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा उपमहानिदेशक का स्वागत किया गया। बैठक में शोध निदेशक डा. ए.एस. नैन द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। परियोजना समन्वयकों द्वारा तकनीकी कर्मियों की कमी के कारण शोध कार्यों पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव के बारे में अवगत कराया गया तथा विभिन्न निवेशों हेतु उपलब्ध करायी जा रही धनराशि में वृद्धि करने हेतु अनुरोध किया गया। उपमहानिदेशक द्वारा उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्रों के लिए विकसित किस्मों के प्रचार–प्रसार पर बल दिया गया तथा बुलेटिन तैयार कर उत्तराखण्ड सरकार एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को प्रेषित करने हेतु सुझाव दिया गया। विभिन्न शोध परियोजनाओं में किये गये कार्य एवं उपलब्धियों पर उनके द्वारा प्रसन्नता जाहिर की गयी।

अखिल भारतीय शोध परियोजनाओं की समीक्षा करते उपमहानिदेशक (फसल विज्ञान) डा. तिलक राज शर्मा।

निदेशक संचार